जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया

13 जून 2023

प्रेस विज्ञप्ति

जामिया में ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग और इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर असेम्बलिंग पर शॉर्ट-टर्म कोर्स के लिए आवेदन आमंत्रित

सेंटर फॉर इनोवेशन एंड एंटरप्रेन्योरशिप (CIE) जामिया मिल्लिया इस्लामिया दो स्किल बेस्ड शॉर्ट टर्म कोर्सेज में प्रवेश के लिए आवेदन आमंत्रित कर रहा है: (1) इलेक्ट्रॉनिक्स हार्डवेयर असेंबलिंग (2) ड्रोन मैन्युफैक्चरिंग एंड असेंबलिंग असिस्टेंस|

जिन छात्रों ने विज्ञान के साथ 12 वीं (10+2) पास की है, डिप्लोमा इंजीनियरिंग पास-आउट हैं या बी.टेक, एम.टेक. कर रहे हैं वे इन कोर्स के लिए आवेदन कर सकते हैं। ये पाठ्यक्रम नियमित छात्रों के साथ-साथ पास-आउट, स्टार्ट-अप संस्थापकों (उसी उद्योग में आधारित) और कामकाजी पेशेवरों के लिए हैं।

जामिया का CIE, प्रधानमंत्री कौशल विकास योजना (PMKVY 4.0) के तहत इन पाठ्यक्रमों का संचालन करेगा।

प्रत्येक पाठ्यक्रम में केवल 30 सीटें हैं और प्रवेश पहले आओ पहले पाओ के आधार पर होगा|

इच्छुक उम्मीदवार 30 जून, 2023 को या उससे पहले निम्नलिखित लिंक के माध्यम से आवेदन कर सकते हैं।

Application Link : https://forms.gle/ehUNejjFrZr7CV6QA

जनसंपर्क कार्यालय
जामिया मिल्लिया इस्लामिया